भारत अपने प्राकृतिक संरचना तथा भौगोलिक स्थिति के कारण प्राकृतिक आपदा के प्रति संवेदनशील देश है। अगर हम विगत शताब्दी के इतिहास पर नजर डालते है तो हमे यह जानकारी मिलती है कि, हमेशा ही विश्व के कुछ अन्य देशो की तरह भारत मे भी एक निश्चित अन्तराल पर कोई न कोई भीषण प्राकृतिक आपदा घटित होती रही है। छोटी–छोटी प्राकृतिक आपदा की गिनती हम छोड भी देते है तो भी, घटित होने वाली भीषण आपदा के आंकलन से प्राप्त ऑकडे हमारे समाज एवं देश के लिए निश्चित रूप से गभ्भीर चिन्ता का विषय है।

जैसा कि हम सब को विदित है कि, प्राकृतिक आपदाओ को रोका तो नही जा सकता परन्तु उनके विनाशकारी प्रभाव को कम किया जा सकता है। लेकिन केवल सरकारी तन्त्र के उपयोग से इन प्राकृतिक आपदाओ से सक्षमतापूर्वक निपटना सम्भव नही है। इस के लिए जरूरी है स्थानीय जन मानस मे जागरूकता, सतर्कता, आपदा पूर्व सम्पूर्ण तैयारी तथा विभिन्न सामाजिक एवं सरकारी संस्थाओ मे बेहतर समन्वय स्थापित हो।

विगत कुछ वर्षों मे अमेरिका मे आये चक्रवाती तुफान हो या भारत के उत्तराखण्ड मे आयी त्रासदी, ओडीशा एवं आन्ध्रप्रदेश मे आये तुफान के दौरान स्थानीय जनसमुदाय एवं स्वैच्छिक संस्थाओ के साथ बेहतर समन्वय के कारण ही उक्त आपदाओ से बेहतर तरीके से निपटा जा सका था।

स्थानीय भाषा की जानकारी तथा प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र की प्राकृतिक सरंचना तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनो का बेहतर ज्ञान वहॉ की आम जनता एवं स्वैच्छिक संस्थाओ को होता है। साथ ही स्थानीय जनसमुदाय ही इस स्थिति मे होता है कि सर्वप्रथम उस क्षेत्र की प्रभावित जनता को सहयोग एवं आवश्यक सेवॉए कहा एवं कैसे मुहैया कराया जाए की जानकारी होती है। विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाएँ जो कि राहत एवं बचाव कार्य मे लगायी जाती है के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर राहत एवं बचाव कार्य को त्वरित गति प्रदान करने मे स्थानीय जनता अत्याधिक मददगार साबित हो सकती है।

आपदा प्रभावित क्षेत्र मे अक्सर लोग भयभीत असहाय एवं अपने को देश एवं समाज से अलग–थलग महसुस करते है। उस क्षेत्र के लोगो को आपदा से उत्पन्न मनावैज्ञानिक दबाव से बाहर निकालने मे वहॉ की आम जन समुदाय से बेहतर मददगार कौन हो सकता है, यह अटल सत्य है।

हम इस बात से अच्छी तरह भिज्ञ होते है कि स्थानिक जनसमुदाय मे विभिन्न प्रकार के कौशल एवं ज्ञान से शिक्षित संपन्न व्यक्ति जैसे डॉक्टर, इंजीनियर, मनौवैज्ञानिक, सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी एवं पुलिस के कार्मिक होते है।

इन व्यक्तियो को विभिन्न प्रकार के राहत एवं बचाव कार्य का पूर्व अनुभव होता है। आपदा घटित होने पर इन की सेवाए आपदा प्रभावित क्षेत्र मे राहत एवं बचाव कार्य मे काफी उपयोगी साबित हो सकती है तथा विशेषज्ञ एवं सरकारी मदद पहुँचने तक प्रभावित क्षेत्र मे आपदा से होने वाली नुकसान को निश्चित रूप से कम करने मे अहम साबित हो सकती है।

इसमे कोई दो राय नही हो सकती कि प्राकृतिक आपदा से कारगर ढंग से मुकाबला करने तथा जानमाल की क्षति से समाज एवं देश को बचाने के लिए, स्थानीय जनता मे जागरूकता तथा उन्हे प्रशिक्षित करने की नितांत आवश्यकता है। स्थानीय जनसमुदाय की आपदा से निपटने मे भागीदारी सुनिश्चित कर के ही आपदा से निपटने मे आसानी होगी।

अगर हम सचमुच प्राकृतिक आपदा से कारगर एवं प्रभावी ढंग से निपटना चाहते है तो हमे एक मजबुत आपदा तंत्र का निर्माण करना होगा, जो कि जन समुदाय की सक्रिय भागीदारी पर आधारित होना चाहिए। लेकिन इस के लिए जरूरी है कि समाज के छोटे से छोटे तबके तक लोगो मे प्राकृतिक आपदा से निपटने का तकनीकी ज्ञान दिया जाए एवं उन्हे प्रशिक्षित किया जाए। साथ ही स्थानीय जन समुदाय मे इस के लिए जागरूकता उत्पन्न की जाय। यह तभी सम्भव हो सकता है कि, जब कि सरकार एवं प्राकृतिक आपदा के लिए जवाबदार संस्थाएँ पूरी ईमानदारी के साथ इस दिशा मे काम करे एंव व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाकर स्थानीय जनता को जागरूक करे। इस तरह की कोशिश निश्चित रूप से सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओ एवं आम समुदाय जन समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने मे सहायक सिद्व होगी एवं भविष्य मे प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए एक बेहतर एवं प्रभावी तंत्र का निर्माण हो सकेगा।



★★★★★★★

ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव व समाधान



जय प्रकाश प्रसाद
सहा0 समादेष्टा

प्रकृति ने समस्त जीवों के समुचित विकास के लिए समानान्तर रूप से संसाधन प्रदान किये है परन्तु मानव इन संसाधनों का केवल अपने लिए समुचित प्रयोग करते हुए प्रकृति के साथ छेड़–छाड करता रहता है। प्रकृति प्रदत संसाधनों के छेड़–छाड़ के कारण ही प्राकृतिक आपदाएँ उत्पन्न होती है। कुछ आपदाएँ तो तत्काल दृष्टिगोचर होती हैं, परन्तु कुछ कालान्तर में अपना प्रभाव छोड़ती है। मानव निर्मित आपदाओं का तो शायद हल भी निकल आता है परन्तु प्राकृतिक आपदाओं का हल निकालना मुश्किल होता है क्योंकि प्रकृति पर इन्सान का बस नहीं चलता। इन्हीं आपदाओं में से एक है ग्लोबल वार्मिंग।

ग्लोबल वार्मिंग जो कि बहुत ही जाना पहचाना शब्द है, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं देना चाहता है प्राकृतिक आपदा कभी किसी को बोल कर नहीं आती, परन्तु जब भी आती है तो भारी तादाद में जन धन की हानी दे कर जाती है। जैसे– बाढ़, भूकंप, सुनामी, भीषण गर्मी आदि।



आज पुरा मानव समुदाय ग्लोबल वार्मिंग की समस्या देख तो रहा है पर इसे नजर अंदाज कर रहा है, जबकि आने वाले समय में इसका असर और भी ज्यादा दिखने लगेगा।


❖ ग्लोबल वार्मिंग क्या है:–

ग्लोबल वार्मिंग जिसे सामान्य भाषा में भूमंण्लीय तापमान में वृद्वि कहा जाता है। कहा जाता है कि पृथ्वी पर ऑक्सीजन की मात्रा ज्यादा होनी चाहिए परन्तु कार्बन–डाईआक्साईड (CO_2) की मात्रा बढ़ रही है, जिससे ओजोन परत में एक छिद्र हो चुका है जिस कारण पराबैंगनी किरणे सीधे पृथ्वी पर आ रही है जिसका सीधा प्रभाव ग्रीन हाउस पर पड रहा है जिसकी वजह से अत्यधिक गर्मी बढ़ने लगी है और पृथ्वी का तापमान दिन व दिन बढ़ता चला जा रहा है। इस बढ़ते तापमान की वजह से अंटार्टिका में बर्फ पिधल रही है, जिससे जल स्तर में भारी बढ़ोतरी हो रही है। रेगिस्तान में बढती गर्मी के साथ रेत का क्षेत्रफल भी काफी बढ़ रहा है।

पर्यावरणीय सुरक्षा एजेन्सीयों के अनुसार पिछली शताब्दी में 1.4 डिग्री फॉरेनहाइट तक धरती के औसत तापमान में वृद्वि हुई है ऐसा भी ऑकलन किया गया है कि अगली शताब्दी तक 2 से 11.5 डिग्री फारेनहाइट वृद्वि हो सकती है। पिछले कुछ वर्षो में CO_2 और SO_2 दस गुना से भी अधिक बढ़ा है।

❖ ग्रीन हाउस क्या है:–

सभी प्रकार के गैसों, जिनका अपना एक Combination होता है इन गैसों से बना आवरण पृथ्वी पर एक सुरक्षा परत की तरह काम करता है और जिसके असन्तुलित होते ही ग्लोबल वार्मिंग जैसी भीषण समस्या पैदा होती है।



❖ ग्लोबल वार्मिंग क्यों हो रहा है?

(क) ग्लोबल वार्मिंग का सबसे बड़ा कारण प्रदूषण है। आज के समय के अनुसार प्रदूषण और उनके प्रकारों को बताना व्यर्थ है, हर जगह और हर क्षेत्र में ये इतनी तादाद में बन रहा है कि CO_2 की मात्रा बढ़ती चली जा रही है और इसकी वजह से पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है, जिसे हम ग्लोबल वार्मिंग के नाम से जान रहे है।

(ख) आधुनीकिकरण के इस दौर में पेड़ों की कटाई धडल्ले से चल रही है। गावों का शहरीकरण होता जा रहा है हर खाली जगह पर बिल्डिंग, कारखाना या अन्य कोई संसाधन खोले जा रहे है। मानव समुदाय इस आधुनीकिकरण के दौर में ताजी हवा और ऑक्सीजन के लिए कोई स्त्रोत नहीं छोड़ रहा है।

(ग) लोग अपनी सुविधा के लिए प्राचीन नदियों के जल की दिशा तक को बदल रहे है जिससे नदियों का प्रवाह कम होते जा रहा है, जिससे नदियां स्वतः ही विलुप्त होती चली जा रही हैं।

(घ) पृथ्वी पर हर चीज का एक चक्र चलता है हर चीज एक दुसरे से कही ना कही किसी ना किसी रूप से जुड़ी रहती है। एक चीज के हिलते ही पृथ्वी का पूरा चक्र हिल जाता है जिसके कारण हमें भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है।

❖ ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव

जिस तरह से प्राकृतिक आपदा का प्रभाव पडता है ठीक उसी तरह ग्लोबल वार्मिंग एक ऐसी आपदा है जिसका प्रभाव बहुत धीरे–धीरे होता है। ये बहुत ही महत्वपूर्ण बात है कि दूसरी आपदाओं की भरपाई मनुष्य कुछ सालों में कर सकता है परन्तु ग्लोबल वार्मिंग से हुए नुकसान की भरपाई मनुष्य अपनी आखिरी सास तक नहीं कर सकता जैसे –

- ग्लोबल वार्मिंग के चलते कई पशु पक्षी व जीव–जन्तुओं की प्रजाती ही विलुप्त हो चुकी है।
- बहुत ठंडी जगह जहॉ 12 महीनें बर्फ की चादर ढ़की रहती थी अब वह पिघलने लगी है जिससे जल स्तर में वृद्वि हो रही है।
- भीषण गर्मी के कारण रेगिस्तान का विस्तार हो रहा है जिससे आने वाले समय में गर्मी और बढ़ने की संभावनाए है।

- पृथ्वी पर मौसम के असंतुलन के कारण कभी अत्यधिक वर्षा, कभी अत्यधिक गर्मी, कभी अत्यधिक ठंढ व कभी हमें सुखें का सामना करना पड़ रहा है। जिसका सबसे बड़ा असर फसलों पर पड़ रहा है और इसी कारण आज मानव समुदाय विभिन्न प्रकार के दुष्प्रभावों से जूझ रहा है।
- ग्लोबल वार्मिंग से पर्यावरण पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ रहा है जिसकी वजह से अधिकांश व्यक्ति चाहें वह छोटे हो या बडे, किसी ना किसी बीमारी से ग्रसित होते चले जा रहे है। शुद्ध ऑक्सीजन ना मिलने के कारण व्यक्ति घुटन की जिन्दगी जीने लगा है।
- एक पर्यावरणीय आकलन के अनुसार अंटार्टिका में 150 ग्लेशियरों में से सिर्फ 25 ही ग्लेशियर बच गये है जिसके कारण समुद्र का जल स्तर काफी बढ़ गया है और ये निरंतर बढता चला जा रहा है।

❖ ग्लोबल वार्मिंग का समाधान

ग्लोबल वार्मिंग के लिए बहुत आवश्यक है कि पर्यावरण बचाओ पृथ्वी बचेगी। बहुत ही छोटे–छोटे दैनिक जीवन में हो रहे कार्यो को सही दिशा में ले जा कर इस समस्या को सुलझाया जा सकता है।

- पेड़ों को मौसम के हिसाब से ज्यादा से ज्यादा लगाए।
- लम्बी यात्रा में कार की वजाय ट्रेन का उपयोग करें।
- दैनिक जीवन में जहॉ तक संभव हो सके कार की वजाय सार्वजनिक बसों या यातायात के साधनों का उपयोग करें।
- बिजली से चलने वाले संसाधनों की अपेक्षा सौर उर्जा वाले संसाधनों का उपयोग करें।
- जल का दुरप्रयोग ना करें। प्राचीन व प्राकृतिक जल संसाधनों का नवीनीकरण ऐसा ना करें जिससे वो नष्ट हो जाए।
- आधुनिक चीजों के उपयोग को छोड़ कर घरेलू व देशी चीजों का उपयोग करें।



ग्लोबल वार्मिंग मानव के रहन सहन के तरीकों और प्राकृतिक संसाधनों का अनावश्यक दोहन से उपजी हुई समस्या है इसलिए इसका कोई वैज्ञानिक समाधान नहीं हो सकता। परन्तु अभी भी समय है अगर इन्सान अपने जीवन जीने के तरीको में परिवर्तन लायें और प्राकृतिक संसाधनों का अनावश्यक दोहन न करें, क्षणिक लाभ के लिए दूरगामी दुष्प्रभावों को नजर अन्दाज न करें, प्रकृति प्रदत संसाधनों का औसतन इस्तेमाल करें जिससे प्रकृति में किसी का भी जीवन चक्र प्रभावित न हो तो निश्चय ही ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से बचा जा सकता है। केवल सावधानी ही इसका समाधान है अन्यथा पूरा जीवन चक्र ही खतरे में पड़ जाएगा।

★★★★★★★


ZP 5242

ध्यान (Meditation)



निरीक्षक विनय कुमार

ध्यान अंग्रेजी में इसे मेडिटेशन (Meditation) कहते है। ध्यान का मूल अर्थ है जागरूकता, होश, साक्षी भाव, और दृष्टा भाव। ध्यान चेतन मन की एक प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति अपनी चेतना बाह्य जगत के किसी चुने हुए दायरे अथवा स्थल विशेष पर केंद्रित करता है। यह अग्रेजी शब्द ''अटेंशन'' के पर्याय रूप में प्रचलित है।

योग का आठ अंग (i) यम, (ii) नियम, (iii) आसन, (iv) प्राणायाम, (v) प्रत्याहार, (vi) धारणा, (vii) समाधी और (viii) ध्यान। योग का आठवां अंग ध्यान, एक मात्र ध्यान ही ऐसा तत्व है कि उसे साधने से सभी स्वतः ही सधने लगते है, लेकिन योग के अन्य अंगो पर यह नियम लागू नहीं होता। ध्यान दो दुनिया के बीच खड़े होने की स्थिति है।

6 दशक पूर्व तक आम लोगों को योग और ध्यान के बारे में जानकारी व दिलचस्पी न के बराबर थी लेकिन कुछ वर्षों में योग व ध्यान की तरफ लोगों की रूचि काफी बढ़ गयी है। ध्यान एक ऐसे फिल्टर का कार्य भी करता है जो निर्रथक, निरउद्देश्य विचारों को समाप्त कर देने वाले विचारों से साधक के मन को परिपूर्ण कर देता है। जिससे ध्यान साधक अपने जीवन में आनन्दित और उत्साहित रहता है। ध्यान साधक के उस विधेयात्मक बोध को जागृत करता है जो उसे इस भाग दौड़ वाले जीवन की गहन जटिलताओं से मिलते है वह बोध रोचक भी है और रहस्यमय भी। यह केवल ध्यान द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है।

मन को सुव्यस्थित करने के अन्य भी तरीके या उपाय हो सकते है फिर ध्यान ही क्यों।



- मन को ऐसे विचारों से भर दे जो मात्र नैतिक आचरण से प्ररित हो।
- मन को ऐसे विचारों से हटा दें जो पतन की ओर ले जाता है।
- मन रूपी कमरें में जो कलश भरा है उसे धूप बतियॉ जला कर या इत्र छिड़क कर साफ नहीं किया जा सकता है।
- अतीत और भविष्य की चिन्ताओ से मुक्त होना तभी वर्तमान क्षण का आनन्द ले सकता है।
- जीवन को सहज स्वीकार ले क्योकिं जो सहज स्वीकार लेता है जीवन को बस वहीं वर्तमान क्षण में जी सकता है।

आज की भाग दौड़ भरी जिदंगी में हम लोग पैसा और खुशियों के पीछे भाग रहे है। जब एक विधार्थी अच्छे नंबरो से पास होने के लिए चिंतित रहता है, और जब वह अच्छे नंबर से पास हो जाता है फिर भी उसे खुशी नहीं होती चिंता होती है सोचता है अच्छे कॉलेज में दाखिला हो जाए, जब अच्छे कॉलेज में दाखिला हो जाता है तो सोचता है उसे डिग्री मिल जाए, जब डिग्री मिल जाती है तो चिंता होती है कि नौकरी लग जाएगी तो खुशियॉ

मिलेगी, नौकरी भी मिल जाती है फिर वह आगे सोचता है प्रमोशन होने पर खुशियॉ मिलेगी पर उसे और आगे का चिंता होती है वह हमेशा भविष्य की खुशियॉ पाने में लगा रहता है और वर्तमान की खुशियों को व्यर्थ जाने देता है और वह कभी भी यह नहीं समझ पाता कि खुशियॉ कहीं बाहर से नहीं, किसी भविष्य में नही बल्कि अभी है, यहीं है, उसके अंदर है, उसके अंतर्मन की शांति में है, और इस खुशी को लगातार महसूस कराने वाला माध्यम ही ध्यान (Meditation) है।



आज योग और ध्यान बहुत ही सामान्य शब्द हो गए है हम ध्यान (Meditation) करना तो चाहते है और काफी लोग करते भी है पर धीरे–धीरे इसमें कमी होती जाती है और हम इसे त्याग कर सुबह की सैर, दौड़, जिम जाना आदि शुरू कर देते है, जिसमे थोड़ा नयापन और आधुनिकता से जुड़ाव महसूस होता है। आमतौर पर ऐसा इसलिए महसूस होता है क्योंकिं हम ध्यान करते समय बोरियत का अनुभव करने लगते है, बोरियत इसलिए क्योंकि कुछ नया नहीं, कुछ रोचक नहीं कुछ मसालेदार नहीं। पर यकीन मानिए इनसे रोचक, मजेदार और अभूतपूर्व उल्लास आपको कहीं नहीं मिल सकता, बशर्ते आपको पता हो कि करना क्या है और कैसे है।

ध्यान लगाने का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि आपका शरीर बेजान या मृत हो गया है, जैसें नींद में होता है। यह ध्यातव्य है– निद्रा अचेतन ध्यान है और ध्यान सचेतन निद्रा। आत्मा को परमात्मा से जोड़ना योग है। ध्यान में ही जाकर इस कार्य को किया जा सकता है।

संत कबीरदास ने कहा है– ''तेरा साई तुझ में, ज्यों पुहुपन में वास।''

ज्ञानमार्गी शाखा के इतने बड़े संत यह बात यू हीं नही कह गए है। सच है हमारे शरीर के अंदर विराजमान आत्मा, उस परमात्मा का ही एक अंश है, तो जब परमात्मा सर्वज्ञ है, सर्वव्यापी है, सर्वशक्तिशाली है, तो हम क्यों नहीं।

ध्यान कैसे करे :– ध्यान में जाने के लिए हमें बाहरी दुनिया के शोरगुल, भाग दौड़ वाले जीवन से हटकर अपने अन्तर्मन की आवाज कैसे सुनी जाए, बहुत आसान है, अगर हम बाहर की आवाजों को सुनना बंद कर दे तो जो आवाज रह जाएगी वही अन्तर्मन की आवाज है और इसे सुनना ही ध्यान या समाधी है। किन्तु बाहर की आवाज के साथ–साथ कुछ आवाजे या कहिए शोरगुल हमारे अंदर भी चल रही होती है। आपने ऑख और कान तो बंद कर लिया पर दिमाग का सोचना अब भी जारी है– ''कल ऑफिस में जल्दी जाना है, बच्चे को घुमाने ले जाना है, पैन कार्ड बनवाना है, कल मालिक ने हमे पैसे भी नही दियें पता नही आज देगा या नहीं, नहीं देगा तो फिर क्या होगा आदि–आदि बातें जो हमारा ध्यान अपनी ओर भटकाती है किन्तु इसे दूर करना भी कठिन नहीं।

जब आप अपने कान बंद करते है, तो आपको दो आवाजें सुनाई देगी, एक आपके धड़कन की और दूसरी सॉसों की। इन दो के अलावा एक तीसरी आवाज भी है और हमें अपना ध्यान उसी आवाज की ओर केन्द्रित करना है। यह आवाज बिलकुल झिंगुर की तरह होती है धीरे–धीरे आपको अन्य आवाजें भी सुनाई देंगी जो आंरभ

में तो तेज न होने के कारण सुनाई नहीं देगी पर जैसे–जैसे आप ध्यान करते जाएंगे ये आवाजे स्पष्ट होती जाएगी, कभी आप धीमीं गति से बह रहे नदी के जल प्रवाह की आवाज सुनेंगे तो कभी रिमझिम गिरती बारिश के बूंदो की। वे सारी आवाजें जो आप बाहर की दुनिया में सुनते है आपको अपनें अंदर भी सुनाई देंगी और धीर–धीरे कब आप आत्मा–अनुभूति की ओर कदम बढ़ा चुके होगें आपको पता भी नही चलेगा।



<u>ध्यान लगाने के लिए निम्न प्रक्रिया का पालन करना होगा।</u>

1. ध्यान साधक को नियमित अभ्यास के लिए एकान्त कक्ष हो जो कोलाहल से दूर हो और जहॉ आप आराम से बैठ सके। आप पालथी मारकर या कुर्सी पर बैठे–बैठे ध्यान लगा सकते है।
2. आँखे बंद कर ले और कानों में ईयर प्लग या रूई का उपयोग भी कर सकते है।
3. हल्कें रंग के ढीले वस्त्र जो जयादा कसे हुए न हो तथा सूती या रेशमी हो वह पहनने में प्रयोग कर सकते है।
4. दस लंबी सॉस लें धीरे–धीरे, आराम से और गहरी सॉस लें उसी तरह आराम से सॉस छोड़े। सॉस छोड़ते समय दस से एक की उल्टी गिनती गिने, याद रहे गिनती सिर्फ सॉस छोडते समय गिनें लेते समय नहीं।
5. अपने अंदर की आवाज पर ध्यान केंन्द्रित करें, मस्तिष्क में चल रही आवाजों को सिर्फ सुने, उसका विश्लेषण कदापि न करें, सुनने की चाहत भी न करें, वो खुद सुनाई देगी, मन शांत रखें।
6. अपनी सोंच को भटकने न दें अगर कभी सोच भटकती है, तो परेशान न हों, खीझे नहीं, प्यार से मुस्कुराकर उन्हे वापस अपनी ओर ले आइये। वैसे भी एक बार आपको मस्तिष्क में चल रही आवाजें सुनाई देने लगी तो खुद–ब–खुद अपनों का ध्यान वापस नही आ जाएगा अपको दिमाग बाहरी बातें को सोचना बंद कर देगा।

- सहीं रीति से ध्यान करने से उतने फायदे मिल सकतें है, जितने कि आप सोच भी नहीं सकते। नियमित रूप से ध्यान करने वाले साधक को कैसे आश्र्च्यजनक लाभ मिल सकता है।

1. दिल से संबधित बीमारियों से जुझ रहे लोगों के लिए नियमित ध्यान बेहद मददगार साबित होता है।
2. ध्यान से मानसिक चंचलता और अस्थिरता पर नियंत्रण आता है।
3. मानसिक तनाव, चिंता, भय और हीनभावना से छुटकारा मिलता है।
4. कमजोर दिमाग और भूलने की समस्या से मुक्ति मिलती है।
5. गुस्सा करने की आदत धीरे–धीरे काबू में आ जाती है।
6. पुरे दिन अच्छा और सकारात्मक माहौल बना रहता है।

★★★★★★★

पुखरायाँ कानपुर ट्रेन हादसा



कौशलेश राय
द्वितीय कमान अधिकारी

वैसे तो देश में हर साल छोटी–बड़ी लगभग 300 से ज्यादा रेल दुर्धटनाएं होती हैं लेकिन सदी का सबसे बड़ा रेल हादसा कानपुर के पुखरांया में हुआ। 20 नवम्बर 2016 को तड़के सुबह कंट्रोल रूम राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, नई दिल्ली को खबर आयी कि पुखरायां कानपुर में इंदौर–पटना एक्सप्रेस के 14 डिब्बे सुबह 3 बजकर 10 मिनट पर पटरी से उतर गये हैं।

पटरी से उतरी कुल 14 बोगियों में स्लीपर क्लास की 08, एसी क्लास की 04 और सामान्य कोच की 02 बोगियॉ शामिल थी। इनमें से स्लीपर व एसी क्लास की 04 बोगियॉ पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गयी थी, जिनमें सबसे अधिक यात्रियों की मृत्यु हुई थी। बोगियों की टक्कर इतनी तीव्र थी कि बोगियॉ एक दूसरे के अन्दर घुस गयी थीं। घटनास्थल का दृश्य इतना भयावह था कि हर तरफ लोगों की चीख पुकार, अव्यवस्थित भीड़ और पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त डिब्बे उलट–पुलट जमीन पर पड़े थे जिसमें महिलाऐं, बच्चे, बूढे और वयस्कों के मृत शरीर लहूलुहान अवस्था में दबे कुचले पड़े थे ।



घटना की जानकारी मिलते ही 11वीं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाराणसी से 5 टीमें समस्त राहत बल के साथ सुबह रवाना हुई। 8वीं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की दो टीमें भी एयरक्राफट द्वारा इस दुर्घटना में राहत बचाव कार्य के लिए आयी। घटनास्थल पर लखनऊ से दो टीमें सबसे पहले पहुँची और घटना का जायजा लेते हुए, तुरन्त राहत बचाव कार्य में जुट गईं।

श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर महानिरीक्षक और श्री आर0 के0 राणा उप महानिरीक्षक राहत बचाव कार्य का नेतृत्व करने घटनास्थल रवाना हुये। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के अलावा पुलिस, जिला प्रशासन, स्वयं सेवी संगठन, फायर ब्रिगेड, होमगार्ड और सेना के लोग राहत बचाव के कार्य में जुटे। घटना स्थल पर टूटी–फूटी बोंगियों में से बल के कार्मिकों ने क्षतविक्षत मृत शवों को बाहर निकाला। इसी बीच कई बोगियों में लोगों के जीवित बचे होने के आसार भी नजर आ रहे थे जिनको राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के कार्मिको ने बिना समय गॅवाये उपकरणो की सहायता से डिब्बे की मजबूत लोहे की चादरों को काटकर यात्रियों को जीवित बाहर निकाला। लगातार दो दिन चले इस राहत बचाव कार्य में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के कार्मिकों ने अपनी कार्यदक्षता और साहस का परिचय देते हुए 55 यात्रियो को जीवित बचाया और 74 शवों को बाहर निकाला।

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल का नेतृत्व श्री रणदीप कुमार राणा डीआईजी कर रहे थे। इनके निर्देशन में राहत कर्मियों ने अदम्य साहस, कार्यकुशलता और प्रोफेशनल तरीके से बचाव कार्य किया और अनेक लोगों की जान बचाई। बचाव कार्य का जायजा लेने के लिये स्वयं श्री आर0के0 पचनंदा, महानिदेशक राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ने घटनास्थल का दौरा किया।





राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की मेडिकल टीम ने जीवित और घायल यात्रियों को घटनास्थल पर ही प्राथमिक उपचार देते हुए, गम्भीर रूप से घायल यात्रियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल द्वारा हाल के दिनों में किये गये आपरेशन में यह सबसे बड़ा सर्च एण्ड रेस्क्यू ऑपरेशन था।

★★★★★★★





DISASTER RESPONSE

TRAIN ACIDENT IN ANDHRA PRADESH

On 22nd January, 2017, eight bogies of Hirakhand express running from Jagdalpur to Bhubaneshwar derailed at Kuneru, Distt-Vizianagaram, Andhra Pradesh and several persons were feared trapped under the boggies. Five rescue teams of NDRF immediately rushed to the spot. Dog squad and technical search was simultaneously used to locate the victims. Due to prompt response, NDRF teams saved 13 lives and retrieved 15 dead bodies.





NDRF Bravehearts During Train Accident in Andhra Pradesh

AFTER FOURTEEN HOURS, A THREE YEAR OLD GIRL RESUED BY NDRF IN KANPUR

On 01st February 2017, an under construction multi story building collapsed at Jajmau Thana-Chakeri, Distt- Kanpur, UP and several persons were trapped under the debris. 05 search and rescue teams of NDRF immediately rushed to the spot. The search components consisting of trained dogs and technical squad were simultaneously swung in to action to locate the victims. NDRF teams did commendable job by safely taking out a three year old girl namely Shusila after fourteen hrs of incident. In a week long rescue operation, NDRF teams evacuated 12 live victims and retrieved 06 bodies.





NDRF Responders With Rescued Baby Girl at the Site of Building Collapse in Kanpur

NDRF RESCUED ONE WOMEN FROM DROWNING DURING MAGHI PURNIMA MELA

On the occasion of Maghi Purnima Mela, One NDRF team was deployed at Distt-Sahibganj, Jharkhand w.e.f. 07-17th February 2017 for emergency response. On 10 Feb 2017 at about 1420 hrs, one woman namely Talamui Soren, aged 30 years, Resident of Village- Talwa, Distt-Pakur (Jharkhand) suddenly got trapped in the slushy water, while taking holy bath in the river Ganga at Rajmahal ghat. Alert rescuers of NDRF team responded promptly and rescued the precious life.





Prompt Response by NDRF Saved Devottee in River Ganaga

RESPONSE TO CHEMICAL EMERGENCY BY NDRF

On 9th Jan 2017, a tanker laden with nitric acid overturned near Khelgaon, Ranchi and created panic among the locals. On the requisition of Jharkhand State Disaster Management Department, a CBRN combat team of NDRF immediately rushed to the spot from its Regional Response Centre (RRC). NDRF team covered the spillage area by soil with the help of JCB and shifted tanker to a safer place.





CBRN team of NDRF in Action at Khelgaon, Ranchi

SEARCH OPERATION BY NDRF AT NIT GHAT, PATNA

On 14th January, 2017, an overloaded boat capsized in the river Ganga near Patna, several people drowned. 03 Search and Rescue teams of NDRF comprising of deep drivers launched massive search operation, which continued throughout the night in freezing temparature and retrieved 04 bodies.





Massive Search Operation by NDRF at NIT Ghat, Patna

REPUBLIC DAY PARADE 2017

Two Chemical, Biological, Radiological & Nuclear (CBRN) teams of NDRF with HAZMAT vehicle, a specialist vehicle to provide protection against CBRN threat were deployed at Rajpath during Republic Day Parade-2017.





Close Vigil by NDRF CBRN Team

EMERGENCY COVER BY NDRF DURING FESTIVALS

GANGA SAGAR MELA -2017

The Ganga Sagar Mela, at Distt-South 24 Paragna, West Bengal, one of the biggest religious events of the country that witnessed the gathering of lakhs of pilgrims in month of January, 2017. Two teams of NDRF were deployed on Ghats at Ganga Sagar to respond any emergency. Apart from deployment, NDRF teams provided pre-hospital treatment to needy and shifted them to hospital for further treatment.





NDRF Helping Hand to Needy

SABARIMALA FESTIVAL

Two teams of NDRF were deployed at Sabarimala Ayappa Temple, Kerala in connection with Sabarimal festival for emergency response w.e.f 16-22 January 2017. During deployment NDRF teams assisted 303 pilgrims.





NDRF Helping Hand to Needy

MOCK DRILLS

Earthquake: To create awareness about the steps to be taken during an earthquake, mock drill on earthquake disaster was conducted by NDRF at various places of Assam, Arunachal Pradesh, Andaman & Nicobar, Bihar, Delhi, Gujarat, Punjab, West Bengal and Tripura. NDRF teams also participated in a state level mock exercise in Uttarakhand. Over 12,000 persons attended these mock exercises.





Flood Rescue : During this quarter, Mock exercise on flood rescue was organized by NDRF in Odisha at Naraj Barrage (Mahanadi River) in Cuttak, Puducherry and Ambedkar Nagar, Chennai, Tamilnadu which was attended by 620 persons.





Industrial/Chemical Disaster: During this period, Mock Exercise on "Industrial Disaster" was conducted by NDRF at IOC Betkuchi, Assam, ONGC Iimited, West Tripura, BPCL Raiganj (WB), Kolaghat Thermal Power Station. Medinipur, W.B, HPCL, Kajijode, Chemplasr Sanmar limited, Sipcot Industrial, Caddolor, Tamilnadu, Malabar Fuel Corporation, Kerala, IOCL, Vadodara, Gujarat, GAIL, Sultanpur Sector-128, U.P, JNTUK, Kakinada Ground, East Godavari, Andhra Pradesh and GAIL, Waghodia, District- Vadodara, IFFCO Ltd, Kalol, Gandhinagar and Reliance Oil Refinery Jamnagar, Gujarat. These exercises were attended by more than 2600 persons.





Fire Fighting: During this period, demonstration on “Fire Fighting and Fire Prevention” was conducted by NDRF at 14 Field Ammunition Depot Narangi Army Camp and Deputy Commissioner offices, East Khasi Hils, Shillong, Meghalaya. More than 500 Official staff of Army/Air witnessed the programme.





Rail Accident: In the process to effectively deal with rail accidents, a series of Joint Mock exercises with Indian Railways were conducted by NDRF at Khurda Town Railways Station, Odisha, South East Central Railways, Itwari, Nagpur & Aurangabad Railway Station, Maharashtra and Miyagam Karjan, Railways Station, Vadodara, Gujarat with Railways during this quarter. NDRF teams demonstrated their skill in victim triage and witnessed by more than 600 persons of Railways.





LPG Gas Leakage: A joint exercise on LPG leakage was organized by NDRF at Keri Engineering Collage, Sundargarh, NALCO, Jindal Steel Plant, NTPC Talchea, Angul, Odisha, BPCL & HPCL Bolting Plant, Khurda, Odisha, IOCL Petrolium Depot, Channghar, Jatni, Khurda, Odisha, GSECL, Distt-Anand, Gujarat, GAIL, Tal-Waghodia, Distt-Vadodara, BPCL, Panisalahat, Raiganj, Distt-Uttar Dinajpur, W.B and Bayer Crop Science Limited, Himmatnagar, Distt-Sabarkantha, Gujarat which were attended by nearly 2500 persons.





DISASTER MANAGEMENT TRAINING TO SDRF

During this period, NDRF imparted Disaster Management training to over 500 SDRF personnel of Andhra Pradesh, Assam. Gujarat, Kerala, Maharashtra, Odisha, Rajasthan, Uttarakhand and Lakkasdweep.





SCHOOL SAFETY PROGRAMME

During this period, 84 School Safety Programmes were conducted by NDRF at various schools/colleges of Assam, Arunachal Pradesh, Andhra Pradesh, Bihar, Delhi, Jharkhand, Lakshadweep, Meghalaya, Madhya Pradesh, Maharashtra, Odisha, Tripura, Tamilnadu and West Bengal. NDRF teams sensitized the students about the safety measures to be taken during any disaster in the school. More than 27,000 students were sensitized by these programmes.





सामुदायिक क्षमता निर्माण जागरूकता/जन–जागरूकता अभियान

झारखण्डः– इस तिमाही के दौरान एन0 डी0 आर0 एफ0 द्वारा धनबाद जमशेदपुर बोकारो गिरिडीह एवं रामगढ में विभिन्न स्थानों पर 374 लोगो को भूकम्प, बाढ एवं भूस्खलन के समय बरती जाने वाली सावधानियों व की जाने वाली कार्यवाहियों तथा बचाव के उपायो पर व्याख्यान दिये गये।





अरूणाचल प्रदेशः– इस तिमाही के दौरान एन0 डी0 आर0 एफ0 द्वारा अरूणाचल के विभिन्न स्थानों पर 1411 लोगों को प्राथमिक चिकित्सा, मेडिकल फस्ट रेस्पांस, विक्टीम कैरिगं विधियों आदि पर प्रशिक्षण भी दिया गया।





आन्ध्रप्रदेशः– एन0 डी0 आर0 एफ0 द्वारा जनवरी– मार्च माह मे गुंटूर व कृष्णा जनपदो में 5238 लोगों को आपदा प्रबन्धन प्रशिक्षण दिया गया।





सामुदायिक क्षमता निर्माण जागरूकता/जन–जागरूकता अभियान

बिहारः– इस तिमाही के दौरान एन0 डी0 आर0 एफ0 द्वारा बिहार के पटना, द्दपरा तथा सुपौल जनपदों में लोगों को सर्प दश, भुंकम्प, अस्तपाल पूर्व प्राथमिक उपचार के बारें में जानकारी दी गयी जिसमें लगभग 4223 लोगों ने भाग लिया।





ओडिशाः– इस तिमाही के दौरान एन0 डी0 आर0 एफ0 द्वारा ओडिशा के कटक, बालासोर, सुन्दरगढ़, खुर्दा, भुवनेश्वर तथा मुंङली जनपदो के विभिन्न स्थानों पर आपदा प्रबन्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रर्दशनों व व्याख्यानों का आयोजन किया गया। जिसमें कुल मिलाकर 6587 व्यक्तियों ने भाग लिया।





महाराष्ट्रः– इस तिमाही में एन0 डी0 आर0 एफ0 द्वारा मुम्बई, अहमदनगर, पुणे तथा नागपुर जिलों के विभिन्न स्कूलो, कालेजों और ग्रामीण इलाकों में आपदा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत लोगों को आपदाओं से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी गयी जिसमें लगभग 6748 लोगों ने भाग लिया।





सामुदायिक क्षमता निर्माण जागरूकता/जन–जागरूकता अभियान

पश्चिम बंगालः– एन0 डी0 आर0 एफ0 द्वारा इस तिमाही में पश्चिम बंगाल के विभिन्न स्थानों में जन जागरूकता अभियान मे कुल मिलाकर 1960 स्थानीय लोगों ने भाग लिया।





तमिलनाडूः– एन0 डी0 आर0 एफ0 द्वारा दिनांक 05–10/01/2017 तक कान्चीपुरम, दिनांक 06–11/02/2017 तक कन्याकुमारी तथा दिनांक 11/01/2017 को चैन्नई जनपदो' के विभिन्न स्थानों में भूकम्प एवं बाढ के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों तथा बचाव के उपायो पर व्याख्यान दिये गये तथा प्राथमिक उपचार, विक्टीम कैरिगं विधियों आदि का प्रशिक्षण भी दिया गया। जिसमें कुल 2837 लोग लाभान्वित हुए।





दिल्लीः– एन0 डी0 आर0 एफ0 द्वारा दिल्ली के विभिन्न स्थानों में जन–जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमे कुल मिलाकर 1174 स्थानीय नागरिको' को आपदाओं के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों तथा बचाव के तरीको की जानकारी दी गयी।





सामुदायिक क्षमता निर्माण जागरूकता/जन–जागरूकता अभियान

त्रिपुराः– जनवरी माह में एन0 डी0 आर0 एफ0 द्वारा त्रिपुरा के खोवइ के विभिन्न स्थानों पर प्राथमिक चिकित्सा, भूकम्प एवं बाढ विषय पर जनजागरण अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम से कुल 748 लोग लाभान्वित हुए।




असमः– एन0 डी0 आर0 एफ0 द्वारा इस तिमाही में लोगो को बाढ एवं भूकम्प के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से असम के विभिन्न स्थानों पर प्रर्दशनों व व्याख्यानों के जरिय कुल मिलाकर 2038 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया गया।




हरियाणाः– दिनांक– 06 से 11.03.17 तक एन0 डी0 आर0 एफ0 द्वारा हिसार में विभिन्न स्थानों पर प्राथमिक चिकित्सा, भूकम्प एवं बाढ के समय बरती जाने वाली सावधानियों व की जाने वाली कार्यवाहियों तथा बचाव के उपायों के बारे में 3541 लोगो को जानकारी दी गयी ।




OTHER IMPORTANT ACTIVITIES

UNESCAP & DEPwD DELEGATION VISITED NDRF HQ, NEW DELHI

On 17th March, 2017, a Delegation of United Nations Economic and Social Commission for Asia and the Pacific (UNESCAP) and Department of Empowerment of Persons with Disabilities (DEPwD), Ministry of Social Justice & Empowerment visited National Disaster Response Force (NDRF) HQ, New Delhi in context of holding a national consultation and Data collection on Disability statistics in India. Sh. Amrendra Kumar Sengar, Inspector General, NDRF chaired the meeting and also given an overview on NDRF and its activities.





Representatives of UNESCAP & DEPwD at NDRF HQ New Delhi

NDRF INITIATIVES ON CASHLESS TRANSACTIONS

On 4th January 2017, a programme on cashless transactions was organized by NDRF at it HQ in New Delhi to encourage Force personnel to use e-wallets for their daily expenses and promote a cashless economy. Sh. Mudit Narayan, representative of NITI Aayog briefed NDRF personnel about the online system, V-Map, new age banking system and its benefits and encouraged to install mobile applications on their mobile phones for cashless transactions and made aware of secure transactions The programme was attended by officials from all NDRF Battalions.





Programme on Cashless Transactions by Representative of NITI Aayog

NDRF CELEBRATED 12TH RAISING DAY

On 31st January, 2017, 12th Raisng Day of NDRF was celebrated at Vigyan Bhawan, New Delhi. The Hon'ble Minister of State for Home, Shri Kiren Rijiju, graced the occasion as the Chief Guest, released NDRF pictorial and souvenir and applauded NDRF for its commendable performance during numerous calamities throughout the year.

Hon'ble Minister presented Jeevan Raksha Padak to the families of NDRF Martyrs for their supreme sacrifice they made for the country. Hon'ble Minister also unveiled a NDEM web portal, jointly developed by ISRO and NDRF. The Programmes was witnessed by representatives from different organizations, various ministries, NDMA, NIDM, CPOs and media persons.





Releasing of NDRF Souvenir and Felicitation of Martyres Families by Chief Guest

NDRF ORGANIZED A PROGRAMME ON "INNER STRENGTH AND DISASTER RESILIENCE

On 03rd February, 2017, a programme on "Inner Strength and Disaster Resilience" was organized by NDRF at Vigyan Bhawan, New Delhi. Hon'ble Minister of state for Home Affairs, Sh. Kiren Rijiju graced the occasion as chief guest in the presence of Gurudev Sri Sri Ravi Shankar.

Mr. Rijiju applauded NDRF for organizing such a stress management event for the force personnel. Gurudev Sri Sri Ravi Shankar provided inputs on de-stressing. Gurudev also interacted with the audience and answered their questions. The programme was attended by over 800 personnel of NDRF.





Lighting of Lamp by Sh. Kiren Rijiju, Minister of State (H) in presence of Sri Ravi Shankar and DG NDRF

STONE FOR NEW NDRF CAMPUS IN KRISHNA, ANDHRA PRADESH

On 9th January, 2017, Union Home Minister Shri Rajnath Singh laid the foundation stone of the new NDRF campus at Konda Pavuluru, Gannavaram (Mandal), Krishna, Andhra Pradesh in presence of the Union Minister for Urban Development, Housing and Urban Poverty Alleviation and Information & Broadcasting, Shri M. Venkaiah Naidu and Chief Minister of Andhra Pradesh Shri Chandrababu Naidu.This campus will come up in 50 acres land and will houses 10th Battalion of NDRF.





The Guard of Honor to Sh. Rajnath Singh, Hon'ble Home Minister

BIHAR DIWAS-2017

On 23rd March, 2017 on occasion of foundation day of Bihar, demonstration on collapsed structure and chemical emergency was organised by NDRF at Gandhi Maidan, Patna to enhance awareness level of civilians, students and different stakeholders in the field of disaster management. Besides, display of safety equipment attracted youngsters, students and ladies to Disaster Management pavillion. More than 1.5 lakhs people including school students benefited from these various programmes





Exhibition of Disaster Response Euipment









National Disaster Response Force

Working Towards a disaster resilient Nation

